# Shivalik Rasayan Limited

**Corporate Office:** 1506, Chiranjiv Tower,
43, Nehru Place, New Delhi-19
**Tel:** +91 11 47589500 (30 Lines), 26221811/26418182
**E-Mail :** info@shivalikrasayan.com
**Website:** www.shivalikrasayan.com
**CIN:** L24237UR1979PLC005041


**Ref: STEX/Results/Published-2023-24** **Date: 13.02.2024**

**BSE Limited**
Department of Corporate Services-Listing
PJ Towers, Dalal Street
Mumbai- 400001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra (E) Mumbai- 400051

**Scrip Code- 539148**

**Symbol- SHIVALIK**

**Sub. : Copy of Publication for Un-Audited Financial Results for the Quarter ended on 31.12.2023**

Dear Sir,

The Board of Directors at their Meeting held on 12.02.2024 adopted the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter ended on December 31, 2023.

The copy of the results published in the Financial Express and Vir Arjun dated 13.02.2024 is enclosed.

This is for your information and records.

Kindly acknowledge the receipt.

Thanking You,

Yours truly,
**For Shivalik Rasayan Limited**

PARUL ARORA
Digitally signed by PARUL ARORA
Date: 2024.02.13 12:15:22 +05'30'

**Parul Choudhary**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS-34854**

Encl: As above.

SAB EVENTS & GOVERNANCE NOW MEDIA LIMITED
CIN :L22222MH2014PLC254848
Regd. Office : 7th Floor,Adhikari Chambers,Oberoi Complex,New Link Road,Andheri (w),Mumbai 400053.
Tel.: 022-4023 0673/022-40230000, Fax : 022-26395459 Email : cs@governancenow.com
Website: www.governancenow.com
Date: 12th February, 2024 DIN: 00032016

STATEMENT OF UNAUDITED FINANC

| Sr. No | Particulars |
|---|---|
| 1 | Total Income from operations (net) |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, items and/or Extraordinary items) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (Exceptional items and/or Extraordinary item |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (af items and/or Extraordinary items) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period Profit/(Loss) for the period (after tax) and ot comprehensive income (after tax)} |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs. |
| 7 | Other Equity |
| 8 | Earning per share -EPS (not annualized)-In R<br>Basic Earning Per Share<br>Diluted Earning Per Share |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure the Stock Exchange websites. (www.bseindia.
2. The financial results of the Company for the thereafter approved by the Board of Director Company have carried out the limited review
3. The wholly owned subsidiary ('WOS') Compa 2022 do not arise in the consolidated financia
4. The Board has approved payment of interim February 20, 2024 shall be the record date for

**Place : Gurugram**
**Date : February 12, 2024**

# Shivalik Rasayan Limited

Regd. Office: Village Kolhupani, P.O. Chandanwari, Dehradun- 248007
CIN : L24237UR1979PLC005041 E-mail : cs@shivalikrasayan.com, www.shivalikrasayan.com

**Extracts of Standalone and Consolidated Un-audited Financial Results for the Quarter & Nine months ended on 31.12.2023**

(In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Audited 31.03.2023 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Audited 31.03.2023 |
| 1 | Total income from operations (net) | 2440.26 | 2261.33 | 7048.65 | 7096.83 | 9578.14 | 7173.56 | 5882.38 | 20423.27 | 17528.60 | 23911.10 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | 250.20 | 319.59 | 767.48 | 1212.34 | 1461.68 | 577.42 | 741.85 | 1809.48 | 2481.29 | 3166.17 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 250.20 | 319.59 | 767.48 | 1212.34 | 1461.68 | 577.42 | 741.85 | 1809.48 | 2481.29 | 3166.17 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 231.31 | 288.55 | 601.62 | 1179.76 | 1510.45 | 434.30 | 665.57 | 1346.98 | 2275.74 | 2983.29 |
| 5 | Total comprehensive income for the period {Comprising Profit/ (loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)} | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Equity Share Capital | 778.01 | 724.46 | 778.01 | 724.46 | 724.56 | 778.01 | 724.46 | 778.01 | 724.46 | 724.46 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operation)<br>Basic:<br>Diluted: | <br>1.55<br>1.55 | <br>1.99<br>1.99 | <br>4.04<br>4.04 | <br>8.14<br>8.14 | <br>10.42<br>10.42 | <br>2.03<br>2.03 | <br>3.27<br>3.27 | <br>6.13<br>6.13 | <br>11.29<br>11.29 | <br>15.02<br>15.02 |

**Note:**

1. The un-audited financial statement for the quarter and nine months ended on December 31, 2023 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on February 12, 2024
2. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary
3. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

**For Shivalik Rasayan Limited**
**Sd/-**
**Rahul Bishnoi**
**Chairman**

**Place : New Delhi**
**Date : 12.02.2024**

## "IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian

# INDUSTRIES LIMITED

*nown as Badve Engineering Limited)*

**CIN : U73100MH1996PLC102827**
**Registered Office:** Plot No. D-39, MIDC Area, Waluj, Chhatrapati Sambhajianagr (Earlier Aurangabad) MH-431133.
**Email Id :** bgi@belriseindustries.com
**Website:** www.belriseindustries.com

## E QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2023

*(All amounts in ₹ Lakhs, except per share data)*

| Sl | dalone | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Year to date | Year to date | Year Ended 31/03/2023 | Quarter Ended 31/12/2023 | Quarter Ended 30/09/2023 | Quarter Ended 31/12/2022 | Year to date for current | Year to date for | Year Ended 31/03/2023 |

# मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में किया 1168 करोड़ रु की लागत के 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हरिद्वार जनपद के लिए 1168 करोड़ रूपये की लागत के 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वनभूलपुरा अतिक्रमण वाले स्थल पर पुलिस थाना बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के शहरी क्षेत्र की सम्पूर्ण सीवरेज व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए जर्मन बैंक की मदद से 523 करोड़ की स्वीकृत परियोजना, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, पर्यटक स्थलों के विकास, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यो का आज शिलान्यास किया। इन योजनाओं से हरिपुरकलां, भूपतवाला, भीमगोडा, हरकी पैडी, मायापुर, कनखल, ऋषिकुल, ज्वालापुर, आवास विकास कॉलोनी, गोविन्दपुरी, जगजीतपुर सहित अन्य क्षेत्रों को सीवरेज सहित पेयजल, पार्किंग आदि की समस्या से निजात मिल सकेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं, अगर किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है। उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में राज्य की महिलाओं का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक प्रयास हुए हैं। उत्तराखण्ड में भी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही 'मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना', मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आंगनबाडी केन्द्रों को उन्नत रूप से विकसित करते हुए भविष्य के नौनिहालों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट तारा की शुरुआत करने के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन की सराहना की। इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 150 आंगनबाडी केन्द्रों को आधुनिक व तकनीकी रूप से समृद्ध बनाते हुए प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र में स्मार्ट टी॰वी॰, बच्चों के लिए फर्नीचर, खिलौने और आंगनबाडी कार्यकत्री को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रणाली की बारीकी से ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रोजेक्ट द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के 3000 बच्चों एवं 300 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के ठअमृतकाल की आंगनबाडीठ के सपने को मूर्तरूप देने का प्रशंसनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के अन्तर्गत राज्य सरकार ने हरिद्वार में ठमीठी गंगाठ नामक एक और महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत भी की है, जिसमें स्थानीय महिलाओं द्वारा शहद उत्पादन एवं बिक्री का कार्य किया जायेगा।



योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते सीएम।

# हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने संभाला कार्यभार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नैनीताल, । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने फुल कोर्ट रैफरेंस के साथ ही सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर रजिस्ट्रार जनरल ने प्रोसिडिंग शुरू करने की अनुमती मांगी और महाधिवक्ता के साथ उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने न्यायालय में मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया। नैनीताल स्थित उच्च न्यायालय में आज हरियाणा उच्च न्यायालय से ट्रांसफर होकर पहुंची महिला मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। 1962 में हरियाणा में जन्मी ऋतु की पारिवारिक पृष्ठभूमि अधिवक्ता परिवार से रही है। चंडीगढ़ से शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने वकालत की और वहीं उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस शुरू कर दी। ऋतु, हरियाणा हाईकोर्ट की महाधिवक्ता और फिर 16 अगस्त 2010 को वहीं न्यायाधीश बनी। पिछले वर्ष वह मुख्य न्यायाधीश के रूप में एलिवेट हुई थी। ऋतु ने देहरादून में राज्यपाल के सम्मुख पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने आज अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह खुले दिमाग से काम करेंगी और इस न्यायालय के युवा अधिवक्ताओं को नए सुझावों के साथ आमंत्रित कर उसपर विचार करेंगी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विषम पहाडी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को आसान न्याय देने के लिए तरीकों पर विचार किये जा रहे हैं।

उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष डी.सी.एस.रावत ने उन्हें कहा कि राज्य में महिला शक्तिकरण का दौर है। राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव के साथ जिलाधिकारी भी महिला हैं। अब मुख्य न्यायाधीश भी महिला होने से यह शक्ति और भी बढ़ गई है। महाधिवक्ता एस.एन.बाबुलकर ने भी मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। डायस पर वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवाडी, न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा के साथ रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी व अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश यू.सी.ध्यानी, आलोक सिंह, बी.एस.वर्मा, राजेश टंडन, सी.एस.सी.चंद्रशेखर सिंह रावत, वरिष्ठ न्यायाधीश अवतार सिंह रावत, देवेंद्र पाटनी, मो.सय्यद मून, गौरव अधिकारी, विनय कुमार समेत डी.आई.जी.योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एस.एस.पी.प्रह्लाद सिंह मीणा, एस.डी.एम.प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के शासनकाल में महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी: ज्योति रमोला

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष ज्योति रौतेला के निर्देश पर कल महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष उर्मिला थापा ढौंडियाल की अध्यक्षता में राजपुर में महिला कांग्रेस की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेशभर में महिला कांग्रेस नारी न्याय के रूप में महिला आर्थिक सशक्तिकरण, महंगाई, मूल्य वृद्धि, समान काम के लिए समान वेतन, सामाजिक सशक्तिकरण, स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिक प्रसव केन्द्र, शिक्षा, स्वच्छता, राजनैतिक सशक्तिकरण, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, हिंसा के खिलाफ संरक्षण और न्याय एवं महिलाओं की गरिमा जैसे अनेक मुदृदों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में लगातार महिलाओं के साथ बलात्कार, उत्पीडऩ एवं अत्याचार हो रहे हैं। उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी के परिजनों के द्वारा अंकिता हत्याकाण्ड में वीआईपी के रूप संलिप्त नेता का नाम उजागर किया गया है परन्तु अभी तक भाजपा की सरकार द्वारा कोई भी कार्यवाही नही की गई है, जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मंहगाई चरम पर है भाजपा अपने नाकामियों को छुपाने लिए धर्म का आड़ लेकर देश की जनता की भावनाओं से खेल रही है। जो स्वच्छ लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेटी पढाओं बेटी बचाओ जैसे खोखला नारा देकर महिलाओं का अपमान किया है जिसे महिलायें सहन नही करेंगी। महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष उर्मिला ढौडियाल थापा ने कहा कि महिला कांग्रेस महिलओं के हक के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर प्रदेश महिला उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल, महानगर अध्यक्ष महिला उर्मिला थापा, इस्तिा सैंधा, जिलाध्यक्ष पूरन सिंह, कुसुम, विमला, उषा, अनिता धस्माना, संतोष, पूजा, संगिता, चम्पा मडवाल आदि उपस्थित थे।



# सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग का तीसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस में वन-स्टॉप समाधान प्रोवाइडर है। कंपनी रेलवे और बिजली क्षेत्रों के लिए टर्नकी ईपीसी सर्विसेज देने के साथ टेलीकॉम टॉवर्स के डिजाइन और निर्माण में भी लगी हुई है। कंपनी ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अपनी आय की घोषणा की। कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 26.2: बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 2,408.0 मिलियन से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 3,038.8 मिलियन रुपये हुआ और साथ ही नौ माह की अवधि के आधार पर 18.4 प्रतिशत बढा, जो फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 7,102.0 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 8,411.0 मिलियन रुपये हुआ। इसके अलावा, एबिटा में 55.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ (पीएटी) 56.8: बढक़र फाइनेंशियल ईयर फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 167.5 मिलियन रुपये हुआ और 9 माह के आधार पर 41.0 प्रतिशत बढक़र फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 359.6 मिलियन रुपये हुआ। शुद्ध लाभ (पीएटी) मार्जिन क्रमशरू 112 बीपीएस और 68 बीपीएस बढक़र फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 5.5: और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 4.3 प्रतिशत हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्याम स्टील ने रवि किशन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। टीएमटी बार्स के अग्रणी निर्माता और उत्पादक श्याम स्टील ने भारतीय अभिनेता, नेता और फिल्म निर्माता रवि किशन को बडे़ गर्व के साथ अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का ऐलान किया है। यह रणनीतिक सहभागिता खासकर बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के बाजारों में श्याम स्टील की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए डिजाइन की गई है, जहां कंपनी एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के निदेशक ललित बेरीवाला ने इस जुडाव को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, रवि किशन हमारे ब्रांड में करिश्मे और भरोसे का एक अनूठा मिश्रण भरते हैं। भारतीय सिनेमा व राजनीति में उनकी चपल उपस्थिति, इस इलाके में उनकी अपार लोकप्रियता के साथ मिलकर, उन्हें इन प्रमुख बाजारों में श्याम स्टील का प्रतिनिधित्व करने वाला एकदम सही विकल्प बना देती है।

### डीएम ने किये दंगा प्रभावित क्षेत्र के 120 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

नैनीताल, वीर अर्जुन संवाददाता। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद से लगातार प्रशासन एवं पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस मामले में बडी खबर यह निकल कर आ रही है। डीएम नैनीताल वंदना सिंह ने कडा एक्शन लेते हुए थाना बनभूलपुरा के अंतर्गत 120 शस्त्र लाइसेंस कैंसल कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता और हालातो को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में वहां के 120 शस्त्र लाइसेंस कैंसल कर दिए गए हैं। फिलहाल अभी वहां पर कर्फ्यू जारी है, लेकिन जरूरत के सामान को प्रशासन द्वारा वहां रहने वाले लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी और शस्त्र लाइसेंस की जांच की जा रही है और उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष 17 फरवरी को करेंगे परिचर्चा संवाद

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान 17 फरवरी को प्रात: 11.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक टाउन हॉल नगर निगम, देहरादून के सभागार, में अनु॰ जाति के समस्त जनप्रतिनिधियों (ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख) से परिचर्चा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके उपरान्त अध्यक्ष (राज्यमंत्री) उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग अपरान्ह 03.30 बजे से 05.00 बजे तक विकास भवन, सभागार कक्ष, देहरादून में अनु॰जाति कल्याण हेतु संचालित समस्त योजनाओं की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक । उक्त समीक्षा बैठक में एस॰सी॰एस॰पी॰ योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि व्यय की गयी है उसका विवरण भी उपलब्ध कराया जाय। एस॰सी॰ध्एस॰टी॰ एक्ट में पंजीकृत प्रकरणों में अद्यतन स्थिति की समीक्षा। समस्त विभाग अनुसूचित जाति कल्याण से संबंधित विभाग की योजनाओं की प्रगति सहित स्वंय बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर: राष्ट्रपति

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती-ज्ञान ज्योति पर्व-स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशालामें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यो से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने को बूथ स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में स्वीप के तहत् बैठक लेते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत् बढाये जाने हेतु बूथ स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त तहसील स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने तहसील अन्तर्गत कम मतदान प्रतिशत् वाले बूथों को चिन्हित करते हुए मतदान प्रतिशत् कम रहने का कारण तथा मतदान प्रतिशत् बढाने हेतु स्वीप एक्टिविटी कराते हुए मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों मे क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों से बात करते हुए उनके माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय क्षेत्रों में वॉल पेन्टिंग करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के साथ मतदान हेतु प्रेरित करने वाले स्लोगन, वॉल पेन्टिंग आदि बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही स्मार्ट सिटी के वीएमडी पर मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित करें। उन्होंने बूथ स्तर पर जागरूकता ग्रुप सक्रिय करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम बीर सिंह बुधियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिहं, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, एडीएसओ विवेक शाह, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित एमडीडीएए विद्युत आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जनशिकायतें, 133 शिकायतें हुई दर्ज

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 133 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद सम्बन्धी प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, सडक़ निर्माण कार्य में अनियमितता, सरकारी भूमि पर कब्जा, अवैध प्लाटिंग, भरण-पोषण, मामला हस्तांतरण, पति द्वारा दूसरी शादी करने सहित नगर निगम जल संस्थान पीएमजीएसवाई सिंचाई रोजगार दिलाने, समाज कल्याण एमडीडीए पुलिस आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए विभिन्न जांच मामलों में जो रिपोर्ट पटवारी की ओर से प्रेषित की जाती हैं उनपर अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कैम्प रोस्टरवार कार्यक्रम तय करते हुए धारा 41 के मामले निपटाएं। जनसुनवाई में ग्राम हसनपुर तहसील विकासनगर के शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि उनकी भूमिधरी की भूमि पर अवैध कब्जे के दाखिल खारिज रूकवाने अनुरोध किया, इसी प्रकार पुरवीय लाईन सेन्ट्रल निवासी शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई उनकी सम्पत्ति को को उनके परिजन बेचने की फिराक में हैं, जिस उनके द्वारा रोक लगाने की मांग की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील सदर अन्तर्गत भूमि सम्बन्धी शिकायत पर तहसीलदार सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सृष्टि विहार निवासी शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि पडोसियों द्वारा सडक़ों पर पानी बहाया जा रहा है जो कि एक स्थान पर उनके घर के सामने इकठ्ठा हो जाता है, जिससे बीमारियों फैलने की संभावना है बनी रहती है।



# स्पिक मैके ने किया रुद्र वीणा प्रस्तुति का आयोजन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । स्पिक मैके के तत्वावधान में दून लाइब्रेरी एवं रिसर्च सेंटर में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता उस्ताद बहाउद्दीन डागर द्वारा रूद्र वीणा वादन का आयोजन किया गया। उनके साथ पखावज पर संजय आगले और तानपुरा पर इप्सिता बिचकर ने संगत करी।

# 1008 किलो की धूपबत्ती की भव्य-दिव्य धार्मिक शोभायात्रा रचेगी इतिहास

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । सनातन रक्षक सेना द्वारा नागपुर से अयोध्या के लिये निकाली जा रही 1008 किलोग्राम की जैविक धूपबत्ती की भव्य-दिव्य धार्मिक शोभायात्रा को नितिन गडक़री (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। रामनगर, राममंदिर, धरमपेठ नागपुर से निकाली जा रही यात्रा अयोध्या धाम के लिये प्रस्थान करेगी। दिव्य यात्रा 14 फरवरी दिन को श्री अयोध्या धाम पहुंचेगी। 15 फरवरी को श्री रामचरित मानस-पाठ और 16 फरवरी को 1008 किलोग्राम की जैविक धूपबत्ती का धूप दीप कार्यक्रम आयोजित होगा। भव्य-दिव्य धार्मिक शोभायात्रा के संबंध में जानकारी देने हेतु आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दीपक शर्मा, प्रदेश संरक्षक, सनातन रक्षक सेना ने बताया की अनुरमा सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष और चन्द्रप्रकाश सिंह प्रदेश अध्यक्ष, अमित सिंह राष्ट्रीय मंत्री और चंद्रवीर सिंह वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष् के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में देश के गणमान्य नेता, हस्तियां भाग लेंगी। दिनांक 11 फरवरी 2024 को रामनगर, राममंदिर, धरमपेठ नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में श्री नितिन गडक़री जी (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) हरी झंडी दिखा कर 1008 किलोग्राम की जैविक धूपबत्ती की भव्य-दिव्य धार्मिक शोभायात्रा को रवाना करेंगे। दिव्य यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया जायेगा। 14 फरवरी 2024 दिन बुधवार को श्री अयोध्या धाम पहुंचने के पश्चात 15 फरवरी को श्री रामचरित मानस-पाठ का आयोजन किया जायेगा। 16 फरवरी को 1008 किलोग्राम की धूपबत्ती का धूप दीप का कार्यक्रम लोगों को श्रद्धा और भक्तिभाव से ओतप्रोत कर देगा। दीपक शर्मा, प्रदेश संरक्षक, सनातन रक्षक सेना ने बताया की मेरठ में पत्रकार वार्ता करने का उद्देश्य है की उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक लोग अयोध्या जा कर प्रभु श्री राम के दर्शन का लाभ उठाएं।


**Shivalik Rasayan Limited**

Regd. Office: Village Kolhupani, P.O. Chandanwari, Dehradun- 248007

CIN : L24237UR1979PLC005041 E-mail : cs@shivalikrasayan.com, www.shivalikrasayan.com

Extracts of Standalone and Consolidated Un-audited Financial Results for the Quarter & Nine months ended on 31.12.2023

(In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Audited 31.03.2023 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Unaudited 31.12.2023 | Unaudited 31.12.2022 | Audited 31.03.2023 |
| 1 | Total income from operations (net) | 2440.26 | 2261.33 | 7048.65 | 7096.83 | 9578.14 | 7173.56 | 5882.38 | 20423.27 | 17528.60 | 23911.10 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or Extraordinary items) | 250.20 | 319.59 | 767.48 | 1212.34 | 1461.68 | 577.42 | 741.85 | 1809.48 | 2481.29 | 3166.17 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 250.20 | 319.59 | 767.48 | 1212.34 | 1461.68 | 577.42 | 741.85 | 1809.48 | 2481.29 | 3166.17 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/ or Extraordinary items) | 231.31 | 288.55 | 601.62 | 1179.76 | 1510.45 | 434.30 | 665.57 | 1346.98 | 2275.74 | 2983.29 |
| 5 | Total comprehensive income for the period {Comprising Profit/ (loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)} | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Equity Share Capital | 778.01 | 724.46 | 778.01 | 724.46 | 724.56 | 778.01 | 724.46 | 778.01 | 724.46 | 724.46 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operation) Basic: Diluted: | 1.55 1.55 | 1.99 1.99 | 4.04 4.04 | 8.14 8.14 | 10.42 10.42 | 2.03 2.03 | 3.27 3.27 | 6.13 6.13 | 11.29 11.29 | 15.02 15.02 |

Note:

1 The un-audited financial statement for the quarter and nine months ended on December 31, 2023 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on February 12, 2024

2 The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary

3 Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For Shivalik Rasayan Limited

Sd/-

Rahul Bishnoi

Chairman

Place : New Delhi

Date : 12.02.2024